कान्हा लटा खोल मत नाच

कान्हा लटा खोल मत नाच नजर तुझे मेरी लग जाएगी,
नजर तुझे मेरी लग जाएगी नजर भक्तों की लग जाएगी,
कान्हा लटा खोल मत नाच....

तातो पानी भरी रे बाल्टी,
कान्हा नहालो पर्दा डाल, नजर भक्तों की लग जाएगी,
कान्हा लटा खोल मत नाच....

केसर चंदन पितांबर लेकर आई,
कान्हा सजले पर्दा डाल, नजर भक्तों की लग जाएगी,
कान्हा लटा खोल मत नाच....

माखन मिश्री का भोग लेकर आई,
खाना खाले पर्दा डाल, नजर भक्तों की लग जाएगी,
कान्हा लटा खोल मत नाच....

सोने का लोटा गंगाजल पानी,
कान्हा पीलो पर्दा डाल, नजर भक्तों की लग जाएगी,
कान्हा लटा खोल मत नाच....

पान सुपारी के बीढ़े लेके आई,
कान्हा खाले पर्दा डाल, नजर भक्तों की लग जाएगी,
कान्हा लटा खोल मत नाच....

चंदन चौकी बिछोना मलमल का,
कान्हा सो जाओ पर्दा डाल, नजर भक्तों की लग जाएगी,
कान्हा लटा खोल मत नाच....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30160/title/kanha-lata-khol-mat-naach

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |